तापमान
अधिकतम 30.0 डिग्री
न्यूनतम 24.0 डिग्री

# हरिभूमि- कांकेर भूमि

रायपुर, गुरुवार, 31 जुलाई 2025

14 लौह अयस्क परिवहन में ठेकेदार कर रहे...



14 जर्जर भू-अभिलेख भवन का मलबा गिरा...





## खबर संक्षेप



### जिले में अब तक 6900 मिमी वर्षा आंकी गई

**कांकेर।** जिले में 01 जून से अब तक कुल 6900.9 मिलीमीटर वर्षा दर्ज की गई है। कलेक्टर कार्यालय की भू-अभिलेख शाखा से प्राप्त जानकारी के अनुसार अब तक सर्वाधिक वर्षा दुर्गुकोंदल तहसील में 880.6 मिलीमीटर तथा सबसे कम कांकेर तहसील में 396.5 मिलीमीटर औसत वर्षा रिकार्ड की गई है। इसी प्रकार भानुप्रतापपुर तहसील में 820.5 मिलीमीटर, चारामा में 605.8 मिमी., अंतागढ़ में 650.6, पखांजूर में 557.5, नरहरपुर में 537.2, सरोना में 408.3 मिलीमीटर, आमाबेड़ा में 783.3, कोयलीबेड़ा में 542.2 और बांदे में 718.4 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई है। पिछले 24 घंटे में कोयलीबेड़ा तहसील में सबसे अधिक 103 मिलीमीटर और नरहरपुर तहसील में सबसे कम 11.7 मिलीमीटर वर्षा आंकी गई है।

### युवक की मौत, कारण अज्ञात, मर्ग कायम

**कांकेर।** नरहरपुर थानांतर्गत सीएचसी नरहरपुर में इलाज के लिए 29 जुलाई को लाए धमतरी जिला के नगरी निवासी 38 वर्षीय मनोज कुमार मरकाम का अस्पताल पहुंचने से पहले ही मौत हो गया। सीएचसी के वार्ड बॉय ने पुलिस को बताया कि मृतक को मृत अवस्था में अस्पताल लाया गया था। अज्ञात कारणों से मृतक की मौत हुई है। पुलिस ने मर्ग कायम कर विवेचना में लिया है।

### युवती ने जहर खाकर की खुदकुशी, कारण अज्ञात

**कांकेर।** नरहरपुर थानांतर्गत मानिकपुर निवासी 20 वर्षीय नेहा नेताम ने जहर खाकर आत्महत्या कर लिया। पटेलपारा नरहरपुर निवासी 50 वर्षीय नंदकिशोर नेताम ने पुलिस को बताया कि मृतिका ने 28 जुलाई को सुबह साढ़े 10 बजें जहर खाकर आत्महत्या कर लिया। युवती ने आत्महत्या क्यों किया यह अभी पता नही चल पाया है। पुलिस ने मर्ग कायम कर विवेचना में लिया है।

**विडंबना : स्थानीय जनप्रतिनिधि एवं मौन साधने वाले ग्रामीण भी जिम्मेदार**

# रेत परिवहन से करोड़ों का हाराडुला पुल हुआ समय से पूर्व क्षतिग्रस्त, तस्कर जिम्मेदार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

हाराडुला के कई लोग रेत तस्करी में लग गए और लगातार रेत का उत्खनन करते रहे। एक माह पहले पुल के नीचे से रेत उत्खनन को लेकर विवाद भी हुआ और शिकायते भी हुई थी। सरपंच, पंच और ग्रामीण इस मामले पर गंभीरता दिखाते और रेत का पुल के नीचे से उत्खनन नहीं होने देते, तो पुल समय के पहले नही धंसकता, ऐसा गाँव के ऐसे लोगों का कहना है जिनको रेत से किसी भी तरह का लेना देना नहीं है। इनका यह भी कहना है कि विरोध करने पर देख लेने की धमकी भी दिया जाता था। यह तय है कि पुल के धंसकने से क्षेत्र के दो दर्जन से ज्यादा गांव के लोगों को दिक्कतों का अब सामना करना पड़ेगा।

हाराडुला पुल प्लोटिंग सिस्टम पर बना हुआ है, इसमें फाउंडेशन जमीन पर टिका होता है, इसमें नींव डालने का प्रावधान नही है। प्लोटिंग सिस्टम से बने पुल के नीचे रेत निकालने पर दिक्कत आती है और समय से पहले क्षतिग्रस्त हो जाते है। पुल से 100 मीटर के आसपास रेत खुदाई पूरी तरह से प्रतिबंधित है, परंतु हाराडुला के कुछ लोगों ने एक माह पहले रेत की तस्करी करते पुल के नीचे की भी रेत निकाल दिया और उसी के चलते समय से पहले पुल क्षतिग्रस्त हो गया। भिरौद रेत खदान से रेत निकालने का रास्ता बंद हो जाने से इसी पुल से भारी वाहनों का आना जाना होता था। इस साल हाराडुला और सराधुनवागांव छोर से अवैध रेत का ही उत्खनन हुआ है और केवल ट्रैक्टर से यह खेल किए जाने के चलते यहाँ पर खनिज विभाग भी कार्यवाही करने नहीं पहुँचा। पीएम आवास के लिए ट्रैक्टर से रेत परिवहन कर सकते है, ऐसी छूट मिलने का फायदा ज्यादा उठाया और उसी के चलते पुल धंसने की स्थिति निर्मित हो गई। महानदी से दिन भर ट्रैक्टर से रेत ▶▶| शेष पेज 12 पर

**खास बातें**

- एक माह पहले पुल से नीचे से रेत निकालने को लेकर हुआ था विवाद
- क्षतिग्रस्त पुल से 100 मीटर की दूरी पर आज भी डंप हैं अवैध रेत



हाराडुला का क्षतिग्रस्त पुल



लाल घेरे में नजर आ रहा पुल के नीचे से निकली है रेत

### पुल के पास रेत का हैं अवैध डंप

क्षतिग्रस्त पुल से लगभग 100 मीटर की दूरी पर अवैध रूप से लगभग 50 टैक्टर रेत डंप है, जो 30 जुलाई को देखने को मिली। यह रेत एक माह के अंदर ही निकाली गई है। खनिज विभाग रेत के बारे में तस्दीक करके रेत तस्कर पर अपराध दर्ज कराती है तो बड़ा खुलासा सामने आ सकता है। हाराडुला के इस रेत तस्कर से गांव वाले भी परेशान है, परंतु अवैध पैसा आ जाने से गुंडागर्दी भी बढ़ गई है, जिसके चलते रेत तस्कर से कोई भिड़ना नहीं चाहता है। खुलकर गांव के लोग बोलने को भी तैयार नहीं है।



पुल के पास डंप की हुई रेत

### पैदल करते हैं आवागमन

विभाग ने आवागमन प्रतिबंधित करने के लिए तीन पाईप लगाकर प्रतिबंधित किया है, परंतु पैदल जाकर देखने वाले तीन पाईप को लांघकर जा रहे है। पुल की हालत बहुत दयनीय है, कभी भी गिर सकता है। पुल को देखने के लिए जिस तरह से लोग पहुँच रहे है, यह उनके लिए खतरा साबित हो सकता है। आवागमन को रोकने के लिए आसपास सड़क को भी रोकने के लिए मिट्टी जैसा ढेर बनाने की जरूरत है, नहीं तो रात को कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है।

### 18 साल में धसक गया करोड़ों का पुल

हाराडुला पुल 2007 में बनकर पूरा हुआ था और इसकी लंबाई लगभग 428.18 मीटर है। इस पुल की समय सीमा कम से कम 50 साल होनी चाहिए। विभाग के आला अफसरों का कहना है कि पुल की गुणवत्ता अभी भी ठीक है। पुल के नीचे से रेत निकालने के कारण ही यह दिक्कत खड़ी हुई है। पानी कम होने के बाद नीचे के हिस्सा देखने का बाद स्पष्ट हो पाएगा कि केवल बाक्स लगाना पड़ेगा या नए सिरे से पुल बनाना पड़ेगा। पानी कम होने के बाद ही स्पष्ट हो पाएगा। इसका मतलब बारिश के 04 माह तक कुछ होने वाला नहीं है।

## भारी बारिश से नदी एवं नाले उफान पर पुल विहीन क्षेत्रों में आवागमन प्रभावित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पखांजूर



पुलिया न होने से जान जोखिम में डाल कर रहे नदी पार

परलकोट क्षेत्र में लगातार हो रही मूसलाधार बारिश ने जनजीवन को बुरी तरह प्रभावित किया है। छोटे-बड़े नदी-नाले उफान पर हैं, जिससे कई ग्रामीण क्षेत्रों का संपर्क टूट गया है। ग्राम पंचायत पाड़ेंगा के पीव्ही 85 स्थित नदी भी अपने पूरे शबाब पर है और हर साल की तरह इस बार भी यहां के निवासियों के लिए टीना का नाव ही नदी पार करने का एकमात्र सहारा बना हुआ है। ग्राम पंचायत पाड़ेंगा के पीव्ही 85 स्थित नदी के उस पार बसे तीन गांवों गोटिनबेड़ा, मारकानार और तिरालगढ़ के लिए बड़ी मुसीबत बन गई है। इन गांवों के निवासियों को प्रतिदिन जान जोखिम में डालकर नदी मरीजों को भी इसी नाव के सहारे नदी पार कर डॉक्टर तक पहुंचना पड़ता है। स्थानीय निवासियों का कहना है कि लंबे समय से इस नदी पर पुलिया निर्माण की मांग करते आ रहे हैं, लेकिन अब तक न तो पुलिया व्यवस्था की गई है। स्वास्थ्य सुविधाओं के अभाव में, इन गांवों के लोगों को राशन जैसी मूलभूत आवश्यकताओं के लिए भी इसी जानलेवा तरीके से नदी पार करनी पड़ती है। विभाग ▶▶| शेष पेज 12 पर

## दुधावा क्षेत्र में तेंदुए के साथ-साथ बढ़ा भालुओं का आतंक, ग्रामीण हैं परेशान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुधावा





सरोना वन परिक्षेत्र ग्राम दुधावा में अब भालू का आतंक जारी है। भालू का दल रात्रि घरों में घुसकर घर में रखें खाद्य सामग्री तेल, गुड़ और शक्कर आदि को खा जाते हैं। इसके साथ ही किचन के सामान को तहस-नहस करते हुए तोड़फोड़ कर देते हैं। भालू के पहले इस क्षेत्र में तेंदुआ का आतंक बना हुआ था, जिससे लोगों को रात में जीवन जीना दूभर हो गया था। भालू से परेशान दुधावा निवासी रूपेश निषाद ने हरिभूमि से बात करते हुए बताया कि बीती रात को मेरे घर के किचन में भालू घुसकर खाद्य सामग्री में एक टीना तेल, गुड़, शक्कर आदि को खा दिया। इसके अलावा घर के सामान को तहस-नहस तोड़फोड़ करते समय आवाज मिलने पर हो हल्ला मचाने पर भालू घर के छप्पर को तोड़ते हुए जंगल की ओर भाग निकला। दुधावा क्षेत्र के गांव में भालूओं का आतंक जारी है। इसके कुछ ही दिन पहले किसान चन्द्रशेखर नेताम खेत में काम कर रहे थे, तभी अचानक भालूओं ने हमला कर बुरी तरह से घायल कर दिया था, जिसमें किसान बाल बाल बचे और जान बच गई। दुधावा क्षेत्र में आए दिन किसी न किसी घरों में घुसकर भालुओं ने आतंक मचा रखा है, जिसके चलते ग्राम में दहशत का माहौल बना हुआ है। ग्रामीणों ▶▶| शेष पेज 12 पर

## नशे के कारोबार और बढ़ते अपराध पर नियंत्रण लगाने कांग्रेस ने सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर



जिला मुख्यालय सहित ग्रामीण क्षेत्रों में लगातार बढ़ते अपराध और बिगड़ती कानून व्यवस्था के खिलाफ मोर्चा खोलते हुए नशे के अवैध रूप से शहर तथा ग्रामीण क्षेत्रों में चल रहे अवैध कारोबार को रोकने को लेकर कांग्रेसियों ने ज्ञापन सौंपा है। शहर कांग्रेस कमेटी के द्वारा सौपे गए ज्ञापन में उल्लेखित है कि शहर तथा शहर के आसपास के गावों में खुलेआम चल रहे नशे के कारोबार ने युवाओं को अपने गिरफ्त में ले लिया हैं, जिसके कारण से रोज कोई न कोई घटनाएं हो रही है। नशे में खासकर सूखा नशा जैसे नशीली दवाईयां, गांजा, अफीम व अन्य नशे की सामाग्री जो युवाओं को आसानी से उपलब्ध हो रही हैं, जिसके सेवन से युवाओं का अपना मन-मस्तिष्क पर से नियंत्रण खो जाता है और उनसे नशे की हालत में अपराध कारित हो रहा है। सूखे नशे के गिरफत में आने से युवाओं के परिजन भी परेशान हैं। गत दिनों शहर के संजय ▶▶| शेष पेज 12 पर

## कलेक्टोरेट परिसर सहित आसपास धारा-163 लागू



**कांकेर।** कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी नीलेश कुमार महादेव क्षीरसागर ने भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 के धारा 163 (1) (2) के अंतर्गत कलेक्ट्रेट परिसर तथा परिसर के आसपास 200 मीटर की परिधि में लोक शांति एवं सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए 01 अगस्त से 30 अक्टूबर 2025 तक कुल 90 दिवस की अवधि के लिए प्रतिबंधात्मक आदेश जारी किए हैं। इस अवधि के दौरान कलेक्टर परिसर एवं परिसर की आसपास के 200 मीटर के दूरी को धरना, प्रदर्शन, सभा, रैली, जुलूस, नारेबाजी इत्यादि के लिए पूर्णतः प्रतिबंधित किया गया है।

## सूने घर में रात को हुई चोरी, दान पेटी में रखी नगदी को लेकर चोर हुए फरार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर



शहर के मांझापारा स्थित सूने मकान पर चोर ने धावा बोलते हुए घर के दान पेटी में रखे नगदी लेकर फरार हो गया। चोर ने घर के हर कमरे की तालाशी लिया और सभी आलमारी को खोलकर देखा। चोरी की शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ मामला दर्ज करते हुए विवेचना में लिया। थाना कांकेर में शिकायत करने पहुंचे मांझापारा कांकेर निवासी 21 वर्षीय भव्य गांधी पिता ललित कुमार गांधी ने पुलिस को बताया कि मेरे पिता एवं माता 26 जुलाई को राजस्थान गए थे और मैं घर में अकेला होने के कारण मेरे घर से दो मकान के बाद मेरे बड़े पिता का घर है वहां रात में सोने गया था। मैं सुबह 8 बजें जब अपने घर आया, तो देखा कि मेरे घर के सामने गेट का ताला टूटा हुआ था और दरवाजा खुला था। अंदर जाने पर देखा तो मेन गेंट का हत्था निकला हुआ था। घर का सारा सामान बिखरा हुआ था। हर कमरे के हर आलमारी का दरवाजा खुला हुआ था। दान पेटी में रखे हुए नगद लगभग 7 ▶▶| शेष पेज 12 पर

**कृषि एवं अजजा मंत्री रामविचार ने तीन जिलों के अधिकारियों की ली बैठक**

## जैविक कृषि, कोदो-कुटकी और उन्नत खेती के लिए किसानों को करें जागरूक : नेताम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर





प्रदेश के आदिम जाति, अनुसूचित जाति, पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक विकास, कृषि तथा किसान कल्याण विभाग के मंत्री रामविचार नेताम ने 30 जुलाई को कांकेर के सभागार में कांकेर, बालोद एवं धमतरी जिलों के विभागीय अधिकारियों की बैठक लेकर योजनाओं के क्रियान्वयन प्रगति की समीक्षा किया। साथ ही बीज एवं उर्वरक वितरण तथा किसान कल्याणकारी योजनाओं के क्रियान्वयन की जानकारी लिया। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि जैविक कृषि, कोदो-कुटकी और उन्नत खेती के लिए किसानों के बीच योजनाओं का व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाना बेहद जरूरी है, इसके लिए किसानों को सतत जागरूक करें। आयोजित बैठक में कृषि मंत्री रामविचार नेताम ने कहा कि समितियों में भण्डारित खाद को अविलंब किसानों को वितरित करना सुनिश्चित करें, ताकि समय पर फसलों को उपयुक्त खाद मिल सके। उन्होंने कृषि एवं उद्यानिकी फसलों को और अधिक उन्नत बनाने तथा योजनाओं की पहुंच सभी किसानों पर सुनिश्चित करने के लिए अधिकारियों को निर्देशित किया। रासायनिक उर्वरकों से मृदा को होने वाले दुष्प्रभावों से किसानों को जागरूक करने ▶▶| शेष पेज 12 पर

अग्रसेन प्रा. आई.टी.आई
ITI KANKER
Affiliated By : N.C.V.T & D.G.E.T. New Delhi (Govt. of India)
भारतीय सेना में कार्यरत/ भूतपूर्व सैनिकों के परिवार एवं दिव्यांग छात्र-छात्राओं के लिए संपूर्ण फीस में 25 % की छूट
REGISTRATION OPEN
• ELECTRICIAN 2 Year (10th Pass)
गढ़ पिछवाड़ी रोड, कांकेर, (छ.ग.)
89595-93930 • 89595-44444

## खबर संक्षेप

### रिक्त सीटों पर लेटरल एंट्री के माध्यम से मिलेगा प्रवेश

**कांकेर।** जिले में संचालित एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालयों में कक्षा 7 वीं, 8 वीं और कक्षा 9 वीं में रिक्त सीटों पर लेटरल एन्ट्री के माध्यम से प्रवेश चयन परीक्षा का आयोजन किया गया था। चयन परीक्षा में प्राप्त अंकों की मेरिट सूची के आधार पर चयन सूची एवं प्रतीक्षा सूची तैयार की गई है, जिसका अवलोकन जिले के सभी एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालयों तथा कार्यालय सहायक आयुक्त आदिवासी विकास में किया जा सकता है। सहायक आयुक्त आदिवासी विकास विभाग ने कहा है कि एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालयों में रिक्त सीटों पर लेटरल एन्ट्री के माध्यम से प्रवेश के लिए चयनित विद्यार्थी संबंधित एकलव्य विद्यालय में 04 अगस्त तक समस्त आवश्यक दस्तावेजों के साथ उपस्थित हो सकते हैं।

### सम्मान समारोह का आज होगा आयोजन

**कांकेर।** नीति आयोग, आकांक्षी जिला एवं ब्लॉक कार्यक्रम के तहत जिला पंचायत के सभा कक्ष में 31 जुलाई को अपरान्ह 02 बजे से संपूर्णता अभियान सम्मान समारोह का आयोजन किया गया है। कलेक्टर नीलेश कुमार महादेव क्षीरसागर ने उक्त कार्यक्रम में संबंधित विभागीय अधिकारियों को अनिवार्यतः उपस्थित रहने के लिए निर्देशित किया है।

### पीडीएस दुकान संचालन के लिए 1 अगस्त तक मौका

**कांकेर।** नगरपालिका परिषद अंतर्गत आमापारा, माहुरबंदपारा, कंकालिनपारा, शीतलापारा और भंडारीपारा में संचालित शासकीय उचित मूल्य की दुकानों का आबंटन किए जाने के लिए 01 अगस्त तक जिला खाद्य अधिकारी कार्यालय कलेक्ट्रेट कांकेर में आवेदन आमंत्रित किया गया है। खाद्य अधिकारी कांकेर ने बताया कि उचित मूल्य दुकान संचालन के लिए आदिम जाति सेवा सहकारी समिति, महिला स्व-सहायता समूह जिसका पंजीयन तीन माह पूर्व का हो, वन सुरक्षा समिति एवं अन्य पंजीकृत सहकारी समिति छग सहकारी सोसायटी अधिनियम 1980 के तहत पंजीकृत समिति आवेदन कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि किसी संस्था, समूह को 02 से अधिक दुकान आबंटन की पात्रता नहीं है।

### सड़क गायब, सिर्फ तालाबनुमा गड्ढे शेष, डबल इंजन सरकार पर लापरवाही का आरोप

# केशकाल में सड़क बदहाल, कांग्रेसियों का एनएच के गड्ढों में लेटकर प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| केशकाल

- प्रशासन को ज्ञापन सौंपकर स्थाई समाधान की मांग, उग्र आंदोलन की चेतावनी

बस्तर को राजधानी रायपुर से जोड़ने वाली लाइफलाइन एक मात्र सड़क नेशनल हाइवे 30 केशकाल मे बद से बदतर हो चुकी है जिससे आमजन एवं राहगीरों को हो रही भारी परेशानीयों को देख कोंडागांव जिला कांग्रेस कमेटी के नेतृत्व मे कांग्रेसजनों ने सड़क के गड्डों मे लेटकर डुबकी लगाकर विरोध प्रदर्शन किया। वहीं महिला कांग्रेस के पदाधिकारियों ने सड़क मे रोपा लगाकर युवा कांग्रेस के पदाधिकारियों ने मछली जाल फेंककर तो एनएसयुआई के पदाधिकारियों ने बेसरम का फूल पौधा लगाकर प्रदर्शन किया।

सड़क के गड्डों मे डुबकी लगाने जैसे बनते तक रहना प्रशासन की लापरवाही का नतीजा है भाजपा की डबल इंजन की सरकार मे ऐसे ही जुमले कार्य होते हैं। कई दफा स्थानीय रहवासियों एवं विभिन्न संघ संगठनों ने समय समय पर पत्राचार किया है फिर भी प्रशासन के कानो मे जूँ तक नहीं रेंग रही है। जिसके विरोध मे हम आज यहाँ केशकाल सड़क की दुर्दशा को देख प्रदर्शन करने सड़क मे उतरे हैं। दिनांक 29 जुलाई को जैसे ही कोंडागांव जिला कांग्रेस कमेटी की ओर से प्रशासन को समय पूर्व सुचना मिलती है वैसे ही प्रशासन आधी रात मे जेसीबी से मिट्टी पटाई करने मे लग जाता है परन्तु यह कोई स्थाई समाधान नहीं है। कांग्रेस पार्टी आज गड्डों मे बैठकर डुबकी लगाकर सांकेतिक प्रदर्शन के माध्यम से सरकार की आँख खोलने का काम किया है महामहिम राज्यपाल एवं मुख्यमंत्री छुग शासन के नाम एसडीएम को ज्ञापन सौंप बदहाल सड़क के स्थाई समाधान की मांग की गयी है अगर निकट भविष्य मे भी सड़क की ऐसी दुर्दशा रही तो कांग्रेस पार्टी द्वारा उग्र प्रदर्शन किया जायेगा अनिश्चित समय तक चक्का जाम भी किया जायेगा ऐसी चेतावनी कांग्रेस नेताओं ने प्रशासन को दी है।



### ये रहे उपस्थित

*प्रदर्शन के दौरान जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष बुधराम नेताम, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष देवचंद मतलाम,जिला कांग्रेस कमेटी के प्रभारी महामंत्री रितेश पटेल, प्रदेश कांग्रेस सचिव सगीर अहमद कुरैशी,कोंडागांव शहर कांग्रेस कार्यकारी अध्यक्ष नरेन्द्र देवांगन,ब्लॉक कांग्रेस कमेटी केशकाल के कार्यकारी अध्यक्ष रति मरकाम, धनोरा ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के कार्यकारी अध्यक्ष रमेश बेलसरिया, युवा कांग्रेस जिला अध्यक्ष पीताम्बर नाग, विधानसभा अध्यक्ष संजय मरकाम , एनएसयूआई जिला अध्यक्ष पप्पू मंडावी,जिला कांग्रेस महामंत्री गिरधारी सिन्हा, युवा कांग्रेस, एनएसयुआई सहित कांग्रेस पदाधिकारी कार्यकर्ता एवं क्षेत्रवासी शहरवासी भारी संख्या मे मौजूद रहे।*

# आत्मा प्रबंधन कमेटी की बैठक में समूह गठन की जानकारी दी



हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

कृषि विभाग के एक्सटेंशन रिफॉर्म्स आत्मा योजनान्तर्गत आत्मा प्रबंधन कमेटी का बैठक आयोजित किया गया। उप संचालक कृषि जितेन्द्र कुमार कोमरा द्वारा आत्मा योजना के मुख्य गतिविधियों जैसे प्रशिक्षण, शैक्षणिक भ्रमण, प्रदर्शन, किसान गोष्ठी, कृषक अभिरूचि समूह का गठन तथा खाद्य सुरक्षा समूह के बारे में बताया गया। प्रोजेक्ट डायरेक्टर आत्मा सह उप संचालक कृषि ने जानकारी दिया है कि आत्मा योजनांतर्गत खरीफ फसल प्रदर्शन के लिए रागीए उड़दए मूंग बीजए पशुपालन विभाग से मुर्गीपालन के लिए मुर्गी, रेशमपालन से कृमिपालन, मछलीपालन विभाग से सीड्स प्रदाय किया जाना प्रस्तावित है। राज्य के अंदर शैक्षणिक भ्रमण प्रशिक्षण 728, राज्य के बाहर 238, जिले के अंदर 1456 कृषकों को लाभान्वित किया जाना प्रस्तावित है। इस अवसर पर आत्मा प्रबंधन कमेटी के सदस्य कृषि विज्ञान केंद्र से बीरबल साहू, पशुपालन विभाग के उप संचालक सत्यम मिश्रा एवं एसआर चंद्रकार, मत्स्य पालन से बिन्दुराम नेताम, रेशम पालन से वेणी कश्यप, उद्यानिकी विभाग से एमएस ठाकरे, अनिल जांगडे, सुधीर दादोरिया सहायक संचालक कृषि, संगीता राय डीपीडी, देवेन्द्र कुंजाम एवं सलमान खान एटीएम उपस्थित रहे।

## पेज 11 के शेष...

### रेत परिवहन से...

निकालकर नदी के आसपास डंप करते थे और रात को हाईवा में भरकर भिलाई और रायपुर भेजते थे। प्रतिबंध होने के बावजूद भी रेत उत्खनन का खेल निरंतर यहाँ पर चलता रहा। विवाद भी हुआ और शिकायतें भी हुई, परंतु समय के रहते ठोस कार्यवाही नहीं हो पाई।

### भारी बारिश से...

की उदासीनता के कारण इन गांवों के हजारों लोग हर साल बारिश के दिनों में ऐसा ही जीवन जीने को मजबूर हैं। स्थानीय लोगों ने एक बार फिर सरकार और विभाग से जल्द से जल्द पुलिया निर्माण या कम से कम सुरक्षित नाव की व्यवस्था करने की माँग किया है, ताकि उनकी जान जोखिम में न पड़े।

### दुधावा क्षेत्र मे...

का कहना है कि कुछ दिन पहले तेंदुआ से गांव में दहशत का माहौल बना हुआ था और एक तेंदुआ के पकड़े जाने के बाद कुछ राहत की सांस मिला है।

ग्रामीणों ने वन विभाग से माँग किया है कि वन्य प्राणी गांव के अंदर पहुँचकर जो नुकसान पहुंचा रहे है, इसके लिए इस क्षेत्र में वन्य प्राणियों को गांव में आने के लिए रोकने के लिए ठोस कदम उठाना चाहिए। ग्रामीणों का कहना है कि वन्य प्राणियों के चलते हमारा जीवन जीना दूभर हो गया है।

### नशे के कारोबार...

नगर वार्ड कांकेर में नशे के हालत में दो गुटों के बीच खुनी संघर्ष हुआ था, जिसके अपराधी आज भी पुलिस के गिरफ्त से बाहर है।28 जुलाई 2025 को शाम शहर के बरदेभाठा वार्ड में एक युवक की हत्या भी इसी नशे की परिणीति हैं। शहर में लगातार हो रहे चोरी की घटना भी नशे की लत की पूर्ति के लिए किया जाता है। नशेड़ियों का आपस में नशे की हालत में सड़कों पर अश्लील गाली-गलौज, मारपीट की घटना शहर में आम बात हो गई है, जिससे सभ्य समाज परेशान है। कांग्रेसियों का कहना है कि शहर के संजय नगर, टिकरापारा, भवानी चौक, सेन चौक, अन्नपूर्णापारा, सुभाष वार्ड, बाजारपारा, बरदेभाटा, भंडारीपारा सहित मनकेशरी, गोविन्दपुर व अन्य स्थानों पर खुलेआम नशे की सामाग्री बेची जा रही है। ज्ञापन सौंपने दौरान प्रदेश महामंत्री नरेश ठाकुर, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष हेमंत ध्रुव, जिला महामंत्री सुनील गोस्वामी, शहर अध्यक्ष मनोज जैन, ग्रामीण अध्यक्ष रोमनाथ जैन, तरेंद्र भंडारी, लोमेन्द्र यादव, किशन यादव, जितेन्द्र बैद्य, गफ्फार मेमन, विजय यादव, मकबूल खान, उदय बंटी शर्मा सहित अन्य कांग्रेसजन शामिल हुए।

### सूने घर में...

हजार रूपएं नहीं थे। घर में रखे सामान को चोरी करने का प्रयास किया गया है। मैने घर में फैले हुए समान समेटा और आलमारी को बंद कर व्यवस्थित किया। घर के ताला टूटने और चोरी होने की आशंका की जानकारी पुलिस को दिया। मौके पर पुलिस ने पहुँचकर जाँच किया और चोरी करने के तरीके को जानने का प्रयास किया, पुलिस ने पीड़ित से जानकारी लेकर आसपास के सीसीटीवी कैमरे को खंगालने में एक टीम लग गई है। शिकायत पर कांकेर थाना की पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ धारा 305 (ए), 331 (4) बीएनएस के तहत मामला दर्ज करते हुए विवेचना में लिया गया।

### जैविक कृषि, कोदो-कुटकी...

पर जोर दिया। उन्होंने उद्यानिकी के क्षेत्र में रोजगार के अवसर हेतु युवाओं को रिफ्रेशर प्रशिक्षण देने एवं तकनीकी जानकारी देने के लिए भी अधिकारियों को निर्देशित किया। इसके साथ ही मुनगा एवं आयल पॉम जैसे रोजगारमूलक पौधरोपण पर भी फोकस करने के निर्देश अधिकारियों को दिए। आयोजित समीक्षा बैठक में आदिम जाति, अनुसूचित जाति, पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक विकास विभागों में संचालित योजनाओं के क्रियान्वयन की भी गहन समीक्षा किया गया। आश्रम, छात्रावासों के लिए सामग्री क्रय में भण्डार क्रय नियमों का कड़ाई से पालन करने के साथ-साथ गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखने के लिए हिदायत दिया गया। इसके साथ ही आश्रम, छात्रावास में मानसून में नियमित साफ-सफाई पर विशेष ध्यान देने के लिए कहा गया। केबिनेट मंत्री ने आश्रम, छात्रावस भवनों के निर्माण की विस्तृत समीक्षा किया। इसी प्रकार प्रधानमंत्री आदर्श ग्राम योजना अंतर्गत संचालित योजनाओं, पीएम जनमन योजना के क्रियान्वयन की भी समीक्षा किया।

आयोजित बैठक में कांकेर विधायक आशाराम नेताम, मछुआ कल्याण बोर्ड के अध्यक्ष भरत मटियारा, आयुक्त आदिवासी विकास विभाग डॉ. सारांश मित्तर, कांकेर कलेक्टर नीलेश कुमार महादेव क्षीरसागर, संचालक कृषि अजय अग्रवाल, अपर आयुक्त आदिमजाति विकास विभाग के अपर आयुक्त, जिला पंचायत सीईओ हरेश मण्डावी, एसडीएम अरूण वर्मा के अलावा तीनों जिलों के संबंधित विभाग के अधिकारी उपस्थित रहे।

### नाम परिवर्तन

उपरोक्त विषयान्तर्गत लेख है कि मैं मालती मरकाम (MALTI MARKAM) पति हरिराम मरकाम (HARIRAM MARKAM), उम्र 51 वर्ष, निवासी-म.नं.- 88, आवास पारा जामगांव, वार्ड नं. 06, जामगांव, तहसील- नरहरपुर, जिला-उ.ब. कांकेर (छ.ग.) 494333 की निवासी हूं। जो कि मेरे नाम से भारत सरकार द्वारा आधार कार्ड क्रमांक- 8948 4817 5980 जारी किया गया है, जिसमें मेरा नाम-मलिका मरकाम (MALIKA MARKAM), पति- हरिराम मरकाम (HARIRAM MARKAM) एवं जन्मतिथि- 24/10/1974 दर्ज है, चूंकि मेरा वास्तविक व सही नाम - मालती मरकाम (MALTI MARKAM) पति-हरिराम मरकाम (HARIRAM MARKAM) एवं जन्मतिथि- 01/01/1974 है। जो कि वास्तविक व सही है। जिसे मैं अपने समस्त दस्तावेजों में इसी नाम, पति का नाम एवं जन्मतिथि को दर्ज कराना चाहती हूं।

अतः महोदय मेरा वास्तविक व सही नाम- मालती मरकाम (MALTI MARKAM) पति हरिराम मरकाम (HARIRAM MARKAM) एवं जन्मतिथि- 01/01/1974 है। जिस हेतु शासकीय गजट में प्रकाशन की आवश्यकता है कृपया शासकीय गजट में प्रकाशन करने के कृपा करें। तदानुसार प्रार्थना है.....

स्थान - कांकेर,
दिनांक

**आवेदिका**
**मालती मरकाम, पति- हरिराम मरकाम, निवासी-ग्राम-जामगांव, तहसील-नरहरपुर, जिला-उ.ब. कांकेर (छ.ग.)**




खबर संक्षेप

## उपमुख्यमंत्री ने किया सईदा को सम्मानित



**बस्तर।** दिव्यांगता अधिकार, अवसर और आशा शीर्षक पुस्तिका का विमोचन एवं दिव्यांगजनों के सम्मान हेतु एक समारोह का आयोजन रायपुर के एक होटल में किया गया। जिसमें छत्तीसगढ़ राज्य के 39 नवाचारी शिक्षकों में शासकीय हाई स्कूल कुड़कानार विकासखण्ड बस्तर से व्याख्याता सईदा खान का लेखन में विशेष योगदान रहा। दिव्यांगजन के सशक्तिकरण और दिव्यांगों के प्रति सामाजिक सोच में सकारात्मक परिवर्तन लाने के उद्देश्य से रचित इस पुस्तक में लेखन हेतु उप मुख्यमंत्री अरुण साव द्वारा सईदा खान को सम्मानित किया गया।

## कलेक्टर ने ली छात्रावास अधीक्षकों की बैठक

**दंतेवाड़ा।** जिला कार्यालय के सभाकक्ष में कलेक्टर कुणाल दुदावत द्वारा जिले के शिक्षा विभाग से संबंधित डीईओ, डीएमसी, बीईओ, एबीओ, बीआरसी, पोटाकेबिन अधीक्षक, कस्तुरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय, डीएवी आस्था, एवं छू लो आसमान अधीक्षकों की महत्वपूर्ण बैठक ली गई। बैठक में कलेक्टर ने छात्रों की सुरक्षा, रहने खाने सहित अन्य सुविधाओं जैसे बिस्तर, गद्दे, मच्छरदानियों की उपलब्धता सुनिश्चित करने के साथ-साथ स्वास्थ्य संबंधी उपायों को सुनिश्चित करने का निर्देश देते हुए कहा कि इस परिप्रेक्ष्य में कोताही बरतने पर निश्चित रूप से कड़ी कार्यवाही की जायेगी। बैठक में कलेक्टर ने अधीक्षकों से छात्रावासों संबंधित अन्य मूलभूत आवश्यकताओं के बारे में चर्चा करते हुए उन्हें स्वीकृत करते हुए कहा कि सभी आवासीय संस्थाओं में भोजन व्यवस्था के तहत मेन्यू चार्ट का अनिवार्य रूप से पालन हो और सभी संस्थाओं के भोजनालय और भोजन कक्ष में मेन्यू चार्ट चस्पा होना चाहिए।

# विकास की नई रोशनी में नहाता मेटागुड़ा गांव, पहली बार जली बिजली

हरिभूमि न्यूज ⏭ सुकमा

माओवाद प्रभावित सुदूर बस्तर अंचल का वह इलाका, जहां कभी सूरज ढलने के साथ ही घुप्प अंधेरा छा जाता था अब वहां बिजली की रौशनी ने दस्तक दे दी है।

सुकमा जिला के कोंटा विकासखंड अंतर्गत स्थित मेटागुड़ा गांव में 27 जुलाई को जब पहली बार बिजली का बल्ब जला, तो यह सिर्फ एक जनकल्याणकारी उपलब्धि नहीं थी, बल्कि यह उस उजाले की शुरुआत थी, जो दशकों से विकास की प्रतीक्षा में खड़े लोगों के जीवन में उम्मीद की नई किरण बनकर आई है। छत्तीसगढ़ शासन द्वारा संचालित नियद नेल्ला नार योजना के तहत 29 दिसंबर 2024 को मेटागुड़ा में सुरक्षा कैम्प की स्थापना हुई थी। इस सुरक्षा कैम्प ने न सिर्फ सुरक्षा का घेरा बनाया, बल्कि शासन और जनता के बीच की दूरी को भी कम किया। आज उसी कैम्प की बदौलत मेटागुड़ा और आसपास के गांवों में शिक्षा, स्वास्थ्य, सड़क, पानी, संचार और अब बिजली जैसी मूलभूत सुविधाएं पहुंचने लगी हैं।

बिजली आने से मेटागुड़ा और आसपास के ग्रामीणों में उत्सव जैसा माहौल है। जिन घरों में अब तक दीपक की लौ ही रोशनी का एकमात्र साधन थी, वहां अब बल्ब जल रहे हैं। बच्चों की आंखों में पढ़ाई के नए सपने हैं



और बुजुर्गों के चेहरे पर सुकून की रेखाएं। इस उपलब्धि के पीछे जिला प्रशासन, पुलिस प्रशासन और सीआरपीएफ 131वीं वाहिनी की संयुक्त मेहनत रही। इस कार्य को सफल बनाने में पुलिस महानिरीक्षक बस्तर रेंज सुंदरराज पी., पुलिस उप महानिरीक्षक दंतेवाड़ा कमलोचन कश्यप, उप महानिरीक्षक (परि.) सीआरपीएफ आनंद सिंह राजपुरोहित, कलेक्टर देवेश कुमार ध्रुव, पुलिस अधीक्षक किरण चव्हाण, कमांडेंट सीआरपीएफ दीपक कुमार साहू एवं द्वितीय कमान अधिकारी मौली मोहन कुमार जैसे अधिकारियों का मार्गदर्शन और समन्वय रहा।

***रोशनी के साथ आएंगे अवसर***

बिजली सुविधा से अब ग्रामीणों को न केवल रोशनी मिलेगी, बल्कि बच्चों की पढ़ाई, सिंचाई, मोबाइल चार्जिंग, टेलीविजन, रेडियो जैसे संचार एवं मनोरंजन के साधनों तक भी पहुंच आसान होगी। सबसे बड़ी बात यह कि यह सुविधा ग्रामीणों को यह एहसास कराएगी कि शासन और प्रशासन उनके साथ है और उनका भविष्य उज्जवल है।

***उजाले की यह शुरुआत, विकास की लंबी यात्रा की पहली सीढ़ी***

मेटागुड़ा में बिजली आना सिर्फ एक गांव का विकास नहीं है, यह प्रतीक है उस सोच का, जिसमें बस्तर के अंतिम छोर तक शासन की योजनाओं को पहुंचाने की प्रतिबद्धता है। ?नियद नेल्ला नार योजना का यह सफल उदाहरण आने वाले समय में अन्य दूरस्थ और अति संवेदनशील क्षेत्रों के लिए प्रेरणा बनेगा।

### महिला आयोग सदस्य सहित समाज प्रमुखों ने किया पौधरोपण

# वृक्ष हमारे जीवन का अभिन्न हिस्सा

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोंटा

मुख्यालय कोंटा में संचालित पोटाकेबिन आवासीय विद्यालय में बस्तर क्षितिज सामाजिक सेवा समिति की ओर से पौधारोपण कार्यक्रम रखा गया।

जिसमें प्रमुख रूप से राज्य महिला आयोग की सदस्य एवं कोंटा नगर के आधे दर्जन समाज प्रमुखों ने हिस्सा लिया। महिला आयोग की

- **पौधे लगाना और हिफाज़त करना हम सब का प्रथम दायित्व**

सदस्य बस्तर क्षितिज सामाजिक सेवा समिति की संस्थापिका सुश्री दीपिका सोरी ने अपने बैनर तले संपन्न इस कार्यक्रम में बंगाली समाज से देवाशीष राय अनुसूचित जाति समाज से जेट्टी रामाराव तेलुगू समाज से पी राजबाबू ब्राह्मण समाज से अन्नु दुबे मुस्लिम समाज से रफीक खान फॉरेस्ट विभाग के



अविनाश पांडे संस्था प्रमुख वंजाम अशोक का स्वागत किया। वहीं मुख्य अतिथि के रूप में बस्तर छितिज सामाजिक सेवा समिति तथा राज्य महिला आयोग सदस्य का स्वागत शिक्षिका कस्तूरी सोनी ने किया। मां सरस्वती के पूजा अर्चना पुष्प अर्पित के साथ शुरुआत किए गए। इस कार्यक्रम का संचालन पत्रकार रिंटू भदौरिया ने किया। कार्यक्रम में मौजूद नगर के वरिष्ठ नागरिकों एवं युवाओं तथा संस्था के वनांचल क्षेत्रों के बच्चों को संबोधित करते हुए अन्नु दुबे भाजपा महिला मोर्चा के मंडल अध्यक्ष ने सभी का अभिवादन करते हुए कहा जैसे कि स्त्री मांग में सिंदूर के बिना शोभा नहीं देती वैसे ही पृथ्वी पेड़ पौधों के बिना शोभा नहीं देती वृक्ष हमारे जीवन का अभिन्न हिस्सा है, इसे लगाना और हिफाज़त करना हम सब का प्रथम दायित्व है।

कार्यक्रम को भाजपा मंडल अध्यक्ष सुभाष चतुर्वेदी ने भी संबोधित किया और एक पेड़ माँ के नाम को एक जन आंदोलन के रूप में सफल होने की बात कहते अब तक रोपण, किए गए पौधों के आंकड़े बताए और सुश्री दीपिका सोरी द्वारा इस क्षेत्र में क्षितिज सामाजिक सेवा समिति द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम को कोंटा मंडल में पहली बार आयोजित करने पर स्वागत किया।


तत्पश्चात वरिष्ठ नागरिक अनुसूचित जाति के जेट्टी रामाराव ने सराहना करते हुए बस्तर में कार्यक्रम की संस्थापिका दीपिका सोरी को उगते हुए सूरज की तरह उभरते सेविका के रूप में पहचान बनाने की बात कहते हुए केंद्र व राज्य शासन की योजनाओं पर काम करने की बात कही। इस कार्यक्रम में विशेष रूप से आधे दर्जन के आसपास समाजिक कार्यकर्ता एवं पत्रकार, शिक्षक-शिक्षिकाएं सहित पूर्व भाजपा मंडल अध्यक्ष जी साई रेड्डी सुकमा युवा मोर्चा के पूर्व पदाधिकारी वी नरेश कुमार साई वमंसी फॉरेस्ट विभाग के कर्मचारी मौजूद थे।

### समिति बीते 7 साल से कर रही काम : दीपिका

दीपिका सोरी ने सावन व नागपंचमी की बधाई देते हुए कहा बस्तर छितिज सामाजिक सेवा समिति का गठन 7 साल पहले हुई और समिति रजिस्ट्रेशन के साथ जन हित के लिए काम कर रही है। विगत चार साल से वृक्षारोपण कार्यक्रम इस बैनर के तले चल रही है। और सभी सामाजिक लोगों के साथ इस प्रकार के कार्यक्रम चला रही है। कोंटा में यह समिति पहली बार कर रही है ज्ञात हो कि एक पेड़ मां के नाम की महाअभियान के तहत यहां कार्यक्रम रखी गई है। सभी को प्रकृति का प्रेमी होना चाहिए और पेड़ को भाई बना कर राखी बांधना चाहिए ताकि भविष्य में यह हम सब का ख्याल रखे। पेड़ से होने वाले अनेक फायदों को गिनाते हुए जन्म दिन के अवसर पर केक के जगह पौधा दिए जाने जैसे पहल पर प्रकाश डाला। राज्य महिला आयोग की सदस्य दीपिका सोरी ने महिलाओं से जुड़े प्रताड़ित मामलों की समाधान करने की बात कहते महिला आयोग में अपनी पीड़ा संज्ञान में लाने पर बल दिया।

## सशिमं में बच्चों के मध्य हुई कुश्ती स्पर्धा

**गीदम।** सरस्वती शिशु मंदिर उच्च माध्यमिक विद्यालय गीदम में नाग पंचमी पर्व के अवसर पर बच्चों के मध्य कुश्ती प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। गौरतलब है कि प्रतिवर्ष श्रावण मास शुक्ल पक्ष पंचमी तिथि के दिन नाग पंचमी का पर्व मनाया जाता है। मंगलवार के दिन विद्यालय में भैया बहनों के बीच कुश्ती प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमे शिशु कक्षा से पंचम कक्षा तक 30 भैयाओं ने भाग लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ हनुमान जी के छायाचित्र के समक्ष दीपप्रज्वलन कर पूजा अर्चना कर किया गया। अभिभावक कृष्णा गुप्ता व सतीश सोनवानी ने कार्यक्रम का प्रारंभ किया। निर्णायक दशरथ मांडवी व मुख्य निर्णायक जैन सिंह यादव रहे। विजेता, उपविजेता भैयाओ को पुरस्कार दिया गया। इस दौरान उपस्थित अभिभावकों ने करतल ध्वनि से भैया बहनों का उत्साह बढ़ाया। इसके पश्चात भैया बहनों को नाग पंचमी उत्सव पर पौराणिक कथा सुनाई गई। राजा जन्मेजय के पिता की नाग के डसने से मृत्यु हो गई थी बदला लेने के लिए यज्ञ किए सारे नाग प्रजाति यज्ञ कुंड में गिरकर मरने लगे तब आस्तिक मुनि ने आकर के उस यज्ञ को बंद कराया और सभी नाग को जीवित रखने के लिए प्रार्थना की। विद्यालय के प्राचार्य विजय दुबे ने बताया कि वासुकी नामक सर्प को मदराचल पर्वत को मथानी बनाकर समुद्र मंथन में उपयोग किया गया कहा जाता है कि नाग देवता ही धरती के भार को उठाए हुए हैं।




## सीआरपीएफ ने स्थापना दिवस पर निकाली रैली

**कोंटा।** 219वीं बटालियन मुख्यालय इंजरम में सीआरपीएफ का 87वां स्थापना दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर पार्थ कमाण्डेन्ट सारथी घोष अपने सभी अधीनस्थ अधिकारियों एवं जवानों के साथ वीर शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की। तत्पश्चात कमाण्डेन्ट द्वारा क्वार्टर गार्ड में गार्ड की सलामी ली। इस अवसर पर कमान्डेन्ट ने सभी कार्मिको को 87वें स्थापना दिवस की शुभकामनाएं दी तथा संबोधन करते हुए कहा यह पल गौरवशाली है। केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल की नींव मूलतः क्राउन रिप्रेजेंटेटीव पुलिस के नाम से 27 जुलाई 1939 को मध्यप्रदेश के नीमच में रखी गई थी। केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल देश में शांति एवं सद्भाव बनाये रखने की भूमिका पर प्रकाश डालते हुये बल की गौरवमय पराक्रम गाथाओं के बारे में बताया। भविष्य में हर तरह के दायित्वों के निर्वहन के लिये तैयार रहने तथा आशा एवं आकांक्षाओं पर खरा उतरना पर बल दिया। इसके पश्चात कैम्प परिसर में बड़े पैमाने पर पौधरोपण एवं स्वच्छता अभियान तथा साईकिल रैली मुख्यालय सहित वाहिनी के सभी समवाय स्थल पर भी किया गया। इस अवसर पर सभी कैंपों में खेलकूद सांकृतिक कार्यक्रम एवं बड़ा खाना का भी आयोजन किया गया, जिसका सभी कार्मिको नें खुब लुप्त उठाया।



## खबर संक्षेप



### मंडल गठन के लिए ब्लॉक कांग्रेस की बैठक हुई

**दुर्गुकोंदल।** सामुदायिक भवन दुर्गुकोंदल में प्रदेश कांग्रेस कमेटी छत्तीसगढ़ के निर्देशानुसार ब्लॉक इकाई दुर्गुकोदल में मंडल अध्यक्षों हुआ सेक्टर की पुनर्गठन के लिए बैठक आयोजित किया गया। प्रभारी तरेंद्र भंडारी ने कहा कि कांग्रेस कमेटी को मजबूती प्रदान करने के लिए मंडल कार्यकारिणी का विस्तार किया जाना है, जिसके लिए सेक्टर वाइज कार्यकर्ता बैठक कर चुनाव कर विभिन्न पदों के लिए कार्यकर्ताओं को चुनकर जिला कांग्रेस कमेटी को सौंपा जाना है। बैठक में रोमनाथ जैन, जनपद अध्यक्ष गोपी बढाई, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष सोपसिंह आंचला, जनपद उपाध्यक्ष आनंद तेता, हुमन मरकाम, अमिता के जनपद सदस्य हेमलता ऊईके एवं अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### एक राखी सैनिक भाई के नाम के तहत छात्राओं ने बनायी राखियां



**दुर्गुकोंदल।** पीएमश्री सेजेस दुर्गुकोंदल के प्राचार्य के मार्गदर्शन में स्काउट गाइड प्रभारी बंगोमा रानी चक्रवर्ती के द्वारा गाइड छात्राओं के माध्यम से रक्षाबंधन के उपलक्ष्य में एक राखी सैनिक भाई के नाम अभियान के तहत सभी बालिकाओं ने सैनिकों के सम्मान के लिए अपने हाथों से राखी बनाया और जिला मुख्यालय में भेजा गया। इस मौके पर शाला प्रबंधक समिति के अध्यक्ष अशोक जैन, प्राचार्य अजय नेताम, दिलीप सेवता, हरीश नागराज, समस्त गाइड छात्राएं उपस्थित रहे।

### प्रवेश के लिए आवेदन का अब 13 तक मिलेगा मौका

**कांकेर।** पीएमश्री स्कूल जवाहर नवोदय विद्यालय में शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए छठवीं में 80 सीटों पर प्रवेश के लिए जवाहर नवोदय विद्यालय चयन परीक्षा के लिए ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। ऑनलाइन आवेदन भरने की अंतिम तिथि 29 जुलाई 2025 से बढ़ाकर अब 13 अगस्त 2025 कर दी गई है। चयन परीक्षा 13 दिसंबर 2025 को आयोजित की जाएगी। उक्ताशय जानकारी पीएमश्री स्कूल जवाहर नवोदय विद्यालय के प्राचार्य ने दिया।

### लघु व सूक्ष्म उद्यमियों के साथ इंडस्ट्रीज व बैंकर्स मीट होगी

**कांकेर।** भारत सरकार, सूक्ष्म, लघु और मध्यम मंत्रालय द्वारा सूक्ष्म लघु और मध्यम उद्यमों की कार्य क्षमता को सुदृढ़ करने, आत्मनिर्भर बनाने, वित्तीय समाधान, सतत विकास तथा समय से एमएसएमई सेक्टर के उन्नयन के लिए रेजिंग एंड एक्सीलरेटिंग एमएसएमई परफॉर्मेंस योजना लागू की गई है। जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र के महाप्रबंधक ने जानकारी दी है कि जिले में उक्त योजना के सफल क्रियान्वयन के लिए 01 अगस्त को सुबह 10 बजे सिटी सेंटर मॉल के द्वितीय तल के सभाकक्ष में उद्यमियों के साथ इंडस्ट्रीज एवं बैंकर्स मीट का आयोजन किया गया है। उक्त कार्यक्रम के लिए इच्छुक उद्यमी निर्धारित समय व स्थान पर उपस्थित हो सकते हैं।

## लोचा : टोल टैक्स और किराए का खेला किया जा रहा है

# लौह अयस्क परिवहन में ठेकेदार कर रहे बड़ा खेला, अनुबंध का नहीं किया पालन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

■ भिलाई इस्पात संयंत्र भिलाई को अनुविभागीय दंडाधिकारी के न्यायालय में तबल किया

मड़पा चौक में आंदोलन किए जाने के बाद यह खुलासा हुआ कि भिलाई स्टील प्लांट ने देवमाईनिंग अंजरेल और एनसी नाहर माईनिंग ए ब्लॉक को लौह अयस्क का परिवहन कांकेर होते हुए करना है और उसी रूट से वापिस होना है, परंतु कई माह से परिवहन आना कांकेर रूट से हो रहा, वहीं जाना ताड़ोकी होते हुए किया जा रहा है। इन वाहनों के द्वारा वापिसी का टोल टैक्स और वापिसी किराया का खेला किया जा रहा है। इस मामले की जाँच कर दिया जाए, तो बड़ा भ्रष्टाचार सामने आ सकता है। जानकारी के अनुसार मड़पा चौक में आंदोलन होने के उपरांत एसडीएम अंतागढ़ ने देव माईनिंग अंजरेल, एनसी नाहर माईनिंग ए ब्लॉंक और के. के. गुप्ता, माइंस मैनेजर (रावघाट) (मुख्यालय खदान रावघाट) भिलाई इस्पात संयंत्र भिलाई को अनुविभागीय दंडाधिकारी के न्यायालय में बुलाया गया था, इस न्यायालय में माइंस मैनेजर ने बताया था कि कार्यादेश एवं अनुबंध के अनुसार लीड डिस्टेंस की परिभाषा अयस्क से भरे वाहन का मूल बिंदु रावघाट से निर्धारित रेलवे यार्ड तक परिवहन तथा उसी मार्ग से खाली वाहनों की वापसी का औसत है। परिवहनकर्ताओं को भुगतान लीड डिस्टेंस के अनुसार किया जाता है। वर्तमान में परिवहनकर्ताओं को भुगतान लंबे रूट रावघाट- नारायणपुर- कोण्डागांव- केशकाल - कांकेर- भानुप्रतापपुर-अंतागढ़ के अनुसार हो रहा है। कार्यादेश की शर्तों के अनुसार भुगतान शर्तों में भरे वाहनों का लंबे रूट से आना तथा उसी लंबे रूट से वापिस जाना शामिल है। अयस्क परिवहन के लिए उपयोग में लाए जा रहे वाहनों में जीपीएस सिस्टम अनिवार्य नहीं है, लेकिन यह सिस्टम लगाना है।

### जर्जर अंतागढ़- नारायणपुर मार्ग की मरम्मत का कार्य हुआ प्रारंभ



**अंतागढ़।** अंतागढ़- नारायणपुर के जर्जर हो चुके सड़क का 30 जुलाई से मरम्मत कार्य प्रारंभ हुआ है। ज्ञात हो कि इस मार्ग के खस्ताहाल स्थित से परेशान क्षेत्र के ग्रामीणों ने 16 जुलाई बुधवार को माईंस की गाड़ी के परिवहन को प्रतिबंधित करने और अंतागढ़ से नारायणपुर पहुंच मार्ग वन-वे की जर्जर स्थिति को लेकर मेनरोड़ मड़पा में चक्काजाम किया गया था। इसके उपरांत अनुविभागीय दंडाधिकारी ने बीएसपी और परिवहन ठेकेदारों के द्वारा लिए गए बयान के आधार पर अनुबंध के अनुसार वाहनों को आने जाने निर्देशित किया था। इस समस्या का समाधान के लिए विगत दिनों अंतागढ़ विधायक कार्यालय में रावघाट, अंजेरल और आमादाई परिवहन संघ एवं रावधाट परिक्षेत्र के ग्रामवासियों के बीच में विधायक विक्रमदेव उसेंडी के समक्ष आपस में सड़क मरम्मत व परिवहन को लेकर चर्चा किया गया था जिसमें कुछ बातों पर सशर्त आपसी सहमति भी बनी। आपस में यह सहमति बनी कि परिवहन कार्य रात्रि 10 बजे से सुबह 6 तक रहेगा। परिवहन में डामर सड़क में जो गड्ढा हुआ है जिसमें अंतागढ़ (कलगांव) से नारायणपुर (भरण्डा) तक का रिपेरिंग कार्य परिवहन संघ द्वारा लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों के निगरानी में किए जाने की बात हुई थी।

### अनुबंध का करेंगे पालन

अनुविभागीय दंडाधिकारी ने 23 जुलाई को आदेशित किया था कि अनुबंध की शर्तों के अनुसार परिवहनकर्ताओं को कड़ाई से इस बात का पालन करना होगा कि वे लंबे रूट से आवागमन करें तथा छोटे रूट जो कि अंतागढ़-ताड़ोकी-रावघाट है का उपयोग न करें। बीएसपी प्रबंधन तथा देव माइंस व एनसी नाहर माइंस इस बात का ध्यान रखेंगे कि अनुबंध की शर्तों का पालन हो तथा इन शर्तों के उल्लंघन के कारण लोकशांति भंग न हो। देव माइंस व नाहर माइंस के प्रतिनिधियों ने कथन किया कि बीएसपी द्वारा जारी अनुबंध एवं कार्यादेश की शर्तों का पालन करेंगे।

### देव माइनिंग एवं एनसी नाहर में लगे वाहन नहीं गुजरेंगे

देव माइनिंग एवं एनसी नाहर के खदान में लगे वाहन छोटे रूट का उपयोग नहीं कर पाएंगे, उसका बड़ा कारण यह है कि अनुविभागीय दंडाधिकारी के समक्ष इनके प्रतिनिधियों ने स्वीकार किया है कि लौह अयस्क परिवहन के लिए लंबे रूट का उपयोग किया जाएगा। अनुबंध का पालन नहीं किए जाने पर इनके एग्रीमेंट को निरस्त करने के लिए प्रशासन अनुशंसा कर सकता है। इसके अलावा अभी तक छोटे रूट में जो वाहनों का उपयोग किया गया है, उसके तहत जो भ्रष्टाचार हुआ है, उसकी परतें भी आने वाले समय में खुल सकती है।

### बुजुर्ग ने खाया जहर हुई मौत, मर्ग कायम

**कांकेर।** नरहरपुर थानांतर्गत डुमरपानी निवासी 75 वर्षीय मिलन पटेल ने जहर खा लिया, जिसका इलाज के दौरान 29 जुलाई को सीएचसी नरहरपुर में सुबह साढ़े 8 बजें मौत हो गया। अस्पताली मेमो पेश कर पुलिस को बताया गया कि मृतक ने जहर खाया था। इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती किया। जहर पूरे शरीर में फैल जाने से उसकी मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग कायम कर विवेचना में लिया है।

### किसान सम्मान निधि की किस्त 2 को होगी जारी

**कांकेर।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा 02 अगस्त को प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजनांतर्गत 20वीं किश्त की राशि पात्र किसानों के खाते में अंतरित की जाएगी, जिसका प्रसारण वेब कास्ट के माध्यम से किया जाना है। उप संचालक कृषि ने बताया कि इसके तहत जिला एवं विकासखण्ड स्तर कार्यक्रम कृषि विज्ञान केन्द्र, मंडी एवं कृषि विभाग के समन्वय से आयोजित किया जाएगा और साथ ही जनप्रतिनिधियों, कृषि वैज्ञानिकों तथा पुरस्कृत किसानों को आमंत्रित किया जाएगा। उन्होंने बताया कि इसके अलावा ग्राम पंचायत स्तर पर कार्यक्रम कृषि एवं राजस्व विभाग के अधिकारियों द्वारा पंचायत एवं क्षेत्रीय सेवा सहकारी समिति में सरपंच, पंच एवं स्थानीय जनप्रतिनिधियों व प्रगतिशील कृषक शामिल रहेंगे।



## धनेलीकन्हार स्कूल में बच्चों ने फल व छायादायी पौधों का किया रोपण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| धनेलीकन्हार

शाउमा विद्यालय धनेलीकन्हार में एक पेड़ मां के नाम कार्यक्रम चलाकर फ़लदार व छायादार 50 पौधों का रोपण किया। जिला हॉर्टिकल्चर विभाग द्वारा प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना अंतर्गत विद्यालय के बच्चों के साथ एक पेड़ मां के नाम कार्यक्रम आयोजन ग्राम में आम, जामुन, कटहल, आवला, काजू, मूंनगा के पौधों का रोपण किया गया।

कृषि विभाग के उपसंचालक जितेंद्र कोमरा ने बच्चों से कहा कि पेड़ को सुरक्षित और बचाने के लिए हर बच्चा एक पेड़ को गोद लेकर उसकी रक्षा का संकल्प ले। पेड़ों की सुरक्षित रखने के लिए विभाग द्वारा जाली और खाद प्रदान किया गया। संस्था की व्याख्याता दीप्ति ठाकुर ने बच्चों को पेड़ों के महत्व को बताते हुए अधिक से अधिक पेड़ लगाने प्रेरित किया।

इस अवसर पर सरपंच मधु मांडवी, उप सरपंच वेद औरसा, प्रबंधन समिति के अध्यक्ष रमेश साहू, परियोजना अधिकारी प्रमोद कुमार सर्वा, डब्लूडीटी कमलेश तारम, विनोद सिन्हा, इंजीनियर वैभव विश्वकर्मा, विद्यालय के ओम प्रकाश सेन, रमेश उईके, प्रदीप साहू, शर्मिला भट्ट, विभा सिंह, पूर्णिमा देवांगन, हुमेश्वरी खरे, आकांक्षा पचविए, किरण माने, प्रियंका ठाकुर, अंजोरी सलाम, घनश्याम पटेल, रामसिंह साहू, ज्योति यादव, शुभम उपाध्याय, कृष्णा साहू, गजेन्द्र पोटाई, समधर नरेटी उपस्थित रहे।

## संभागीय खेलों के लिए संयुक्त एकलव्य के 23 बच्चों का चयन



**दुर्गुकोंदल।** कांकेर में आयोजित जिला स्तरीय राष्ट्रीय खेल महोत्सव 2025 में एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय दुर्गुकोंदल के बच्चों ने बड़ी संख्या में प्रतिभाग करते हुए अनेक स्पर्धाओं में स्वर्ण पदक प्राप्त किया और जगदलपुर में आयोजित संभाग स्तरीय प्रतियोगिता के लिए चयन सूची में अपना नाम दर्ज कराया।

संभाग स्तरीय प्रतियोगिता के लिए अंडर 14 रिलेरेस के लिए निरजला दुग्गा, शीला नेताम, खुशीम दर्रो, सुष्मिता उसेण्डी, 100 मीटर दौड़ में निरजला दुग्गा, 400 मीटर दौड़ में शीला नेताम, 200 मीटर दौड़ में निरजला दुग्गा तथा अंडर 19 रिलेरेस के लिए लोकेश्वरी पोटाई, किरण नरेटी, अंजू पुडो, खुशीम दर्रो, 1500 मीटर दौड़ में भावना चुरेन्द्र, 800 मीटर दौड़ में भावना चुरेन्द्र, भाला फेंक में छबीला जाड़े, 3 किमी चाल में भावना चुरेन्द्र, शतरंज में दामिनी सलाम, कबड्डी बालिका वर्ग में हर्षलता, अंजू पुडो, मनीषा मंडावी, खुशी ध्रुव कबड्डी बालक वर्ग में धनेश्वर, समीर, अश्वन गावड़े, खो-खो बालिका वर्ग में किरण नरेटी, लोकेश्वरी पोटाई, छबीला जाड़े, सिमरन पुरामे, करिश्मा नरेटी, रेशमी नरेटी, खो-खो बालक वर्ग में भोजकुमार दर्रो, वॉलीबॉल बालिका वर्ग में छबीला जाड़े, किरण नरेटी, वॉलीबॉल बालक वर्ग में योगेश, पीयूष व देवेश का चयन किया गया। संयुक्त एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय के प्राचार्य बैजनाथ नरेटी ने चयनित छात्र-छात्राओं के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए उनको बधाई दी और साथ ही शारीरिक शिक्षक आर्यवीर के मार्गदर्शन और शिक्षक सुनील कुमार, शिक्षिका दीप्ति व शिखा झा के सहयोग के लिए उनकी सराहना करते हुए सबका धन्यवाद किया।

## आबादी जिसकी जितनी, उसकी उतनी हिस्सेदारी की नीति से मिलेगा पिछड़ा वर्ग को न्याय : नरेंद्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶| चारामा



■ राहुल गांधी और कांग्रेस पार्टी के दबाव के बाद जातिगत जनगणना का रास्ता साफ

भारतीय जनता पार्टी अब पिछड़े वर्ग को छलना बंद करें क्योंकि पिछड़ा वर्ग अब जाग चुका है और वह जानता है की उनको न्याय केवल कांग्रेस पार्टी और राहुल गाँधी के जातिगत जनगणना और जिसकी जितनी आबादी उसकी उतनी हिस्सेदारी एवं आरक्षण की सीमा को 50 प्रतिशत के बंधन से मुक्त करने के कॉन्सेप्ट से मिलेगा। उक्त बातें कांग्रेस नेता एवं गौ सेवा आयोग के पूर्व सदस्य नरेंद्र यादव ने कही।

गौ सेवा आयोग के पूर्व सदस्य नरेंद्र यादव ने कहा की सभी जानते है की मोदी सरकार जनगणना को लगातार टालते आ रही थी और जातिगत जनगणना के विरोध में थी, लेकिन राहुल गांधी और कांग्रेस पार्टी के द्वारा पूरे देश में जातिगत जनगणना के लिए माहौल बनाने के बाद मजबूरन दबाव में मोदी सरकार को झुकना पड़ा और अब जातिगत जनगणना का रास्ता साफ हुआ है। अब कांग्रेस पार्टी और राहुल गाँधी की लड़ाई पिछड़े वर्ग को उनकी आबादी के हिसाब से आरक्षण दिलाने का है, जिसमें सबसे बड़ी बाधा आरक्षण की 50 प्रतिशत की सीमा है। कांग्रेस पार्टी और राहुल गाँधी की सोच है कि आरक्षण की 50 प्रतिशत की सीमा को हटाकर एसटी, एससी और ओबीसी को उनकी आबादी के हिसाब से पूरे देश में आरक्षण मिले। भारतीय जनता पार्टी अगर सच्चे में पिछड़े वर्ग की हितैषी है तो जातिगत जनगणना करवा कर आरक्षण की 50 प्रतिशत की सीमा को खत्म कर जिसकी जितनी आबादी उसकी उतनी हिस्सेदारी के तहत आरक्षण लागू करे। पूर्ववर्ती भूपेश सरकार द्वारा छत्तीसगढ़ में पिछड़ा वर्ग को 27 प्रतिशत आरक्षण के संबंध में जो विधेयक विधानसभा से पारित किया गया था वह राजभवन में आज तक किसके कारण से रुका हुआ है सब जानते हैं। अगर भाजपा की नियत साफ है तो राजभवन में लंबित विधेयक को तुरत पास कराए। हम सभी जानते है कि विधेयक राजभवन में लंबित होने के कारण पिछले पंचायत और नगरी निकाय चुनाव में ओबीसी समाज को भारी नुकसान उठाना पड़ा और कहीं कहीं तो आरक्षण शून्य हो गया। एक ओर पिछड़ा वर्ग द्वारा अपने लंबित मांगो को लेकर सरकार से लेकर राज्यपाल तक कई बार ज्ञापन में ज्ञापन दिया जा चुका है और कई सभा व आंदोलन के जरिए सरकार को चेताया गया है, लेकिन भाजपा सरकार द्वारा अभी तक कुछ पहल नहीं किया गया और दूसरी और पिछड़े वर्ग का संभागीय सम्मेलन में पिछड़े वर्ग का हितैषी होने का ढोंग कर रहे है।

## विश्व बाघ दिवस पर बाघ का मुखौटा लगाकर संरक्षण का दिया संदेश



**भानुप्रतापपुर।** खेल खेल में शासकीय प्राथमिक शाला परेकोड़ों के बच्चों ने बाघ एवं अन्य वन्य प्राणियों के मुखौटा लगाकर संरक्षण के लिए संदेश दिया। हमें जंगल को बचाना होगा इनके अवैध शिकार करने वालों को कड़ी से कड़ी सजा देना होगा और जंगल को आग से बचाना होगा। विश्व बाघ दिवस पर परेकोड़ों के बच्चों ने बाघ के मुखौटा लगाकर संरक्षण के लिए संदेश दिया। विश्व बाघ दिवस जो बाघों के संरक्षण और उनके आवासों की रक्षा के लिए मनाया जाता है। इस अवसर पर, हमें बाघों के महत्व और उनके संरक्षण की आवश्यकता के बारे में जागरूकता बढ़ाने का प्रयास करना चाहिए। भारत में वर्तमान बाघों की संख्या 3682 है भारत में दुनिया के 75 प्रतिशत बाघ पाए जाते है। बाघ संरक्षण में कई चुनौतियाँ हैं, जिनमें मानव-बाघ द्वंद्व, जंगल की कटाई और अवैध शिकार प्रमुख हैं। इन चुनौतियों का सामना करने के लिए हमें सामूहिक प्रयास करने होंगे। बाघ हमारे पारिस्थितिक तंत्र के लिए महत्वपूर्ण हैं, जो वनस्पति और जीव-जन्तुओं के बीच संतुलन बनाए रखने में मदद करते हैं। उन्हें संरक्षित करने से हम वन और अन्य जीव-जन्तुओं की भी रक्षा कर सकते हैं। विश्व बाघ दिवस पर हम सभी से आग्रह करते हैं कि बाघों के संरक्षण में सहयोग करें और उनके आवासों की रक्षा में योगदान दें। आइए हम सब मिलकर बाघों के भविष्य को सुरक्षित बनाने का प्रयास करें।

## विश्व आदिवासी दिवस पर होंगी विविध प्रतियोगिताएं

**दुर्गुकोंदल।** आदिवासी महिला प्रभाग दुर्गुकोंदल के तत्वाधान में विश्व आदिवासी दिवस के उपलक्ष्य में निबंध, वेषभूषा प्रदर्शन, चित्रकला, एकल नृत्य व सामूहिक नृत्य कार्यक्रम का आयोजन 3 अगस्त को सामुदायिक भवन में प्रातः 10 बजे से शाम 6 बजे तक किया जाएगा। संयुक्त राष्ट्र संघ द्वारा घोषित विश्व आदिवासी दिवस के उपलक्ष्य में सामाजिक जागरुकता तथा समुदाय में सामाजिक, सांस्कृतिक व संवैधानिक अधिकार, सामाजिक रीति-रिवाज के प्रति बौद्धिक चेतना लाने के उद्देश्य से आदिवासी महिला प्रभाग दुर्गुकोंदल की ओर से 3 अगस्त 2025 को सामुदायिक भवन में विभिन्न विधाओं की प्रतियोगिता एवं विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया है। आदिवासी महिला प्रभाग के अध्यक्ष राजवती पोटाई, उपाध्यक्ष चंद्रिका सहारे, सरस्वती गायकवाड, कमला नरेटी एवं हेमलता नरेटी ने बताया है कि विश्व आदिवासी दिवस के उपलक्ष में सामाजिक जागरूकता तथा समुदाय में सामाजिक सांस्कृतिक व संवैधानिक अधिकार सामाजिक रीति रिवाज के प्रति आदिवासी महिला प्रभाव ग्रुप कुंडल की ओर से विभिन्न विधाओं में प्रतियोगिता आयोजित की गई है।

## बारिश से घर ढहा, पीड़ित परिवार को मिलेगी मदद



**पखांजूर।** पखांजूर के ग्राम पंचायत श्रीपुर के आश्रित ग्राम इंद्रपुरी पीव्ही 123 निवासी चंदन मंडल का घर लगातार बारिश के कारण ढह गया, जिससे उनका परिवार बेघर हो गया है और उन्हें भारी नुकसान उठाना पड़ा है। घटना की सूचना मिलते ही अनुविभागीय अधिकारी राजस्व टीकाराम देवांगन ने तत्काल संज्ञान लिया। उन्होंने पीड़ित चंदन मंडल और उनके परिवार को सरकारी सहायता का आश्वासन दिया। एसडीएम ने बताया कि मामले की जांच के लिए पटवारी को तुरंत निर्देशित कर दिया गया है। पटवारी द्वारा जांच प्रतिवेदन जमा करने के बाद सरकार द्वारा निर्धारित आर्थिक सहायता राशि शीघ्र ही पीड़ित परिवार को उपलब्ध करा दी जाएगी। प्रशासन ने चंदन मंडल के परिवार को हरसंभव मदद का भरोसा दिलाया है।

## नागरिकों की माँग, दस्तावेजों को दूसरे भवन पर हो स्थानांतरित

# जर्जर भू-अभिलेख भवन का मलबा गिरा, दस्तावेजों पर मंडराया खतरा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पखांजुर



तहसील कार्यालय पखांजुर के भू-अभिलेख शाखा का भवन जर्जर होता जा रहा है, यहाँ तक मलबा हर दूसरे दिन गिरता रहता है। भू-अभिलेख शाखा में चार दशकों का ऐतिहासिक रिकॉर्ड सहेज कर रखा गया है, परंतु अब नष्ट होने का गंभीर खतरा मंडरा रहा है।

जानकारी के अनुसार भू अभिलेख भवन के छत से लगातार मलबा गिर रहा है और मानसून के दौरान कमरे में पानी भरने से दस्तावेजों के गलने और पूरी तरह नष्ट होने का डर बना रहता है। इस कमरे की हालत इतनी खराब है कि स्थानीय निवासियों और यहां कार्यरत कर्मचारियों को हर पल यह भय सताता है कि यदि यह कमरा अचानक ढह गया, तो पूरे इलाके के चार दशकों का भू-राजस्व इतिहास मलबे में दब जाएगा। यह केवल कागजात का नुकसान नहीं होगा, बल्कि लाखों लोगों के मालिकाना हक और कानूनी अधिकारों पर भी गंभीर संकट खड़ा कर देगा। विशेषज्ञों का मानना है कि एक बार जब मूल दस्तावेज नष्ट हो जाते हैं, तो उनकी प्रामाणिकता को फिर से स्थापित करना लगभग असंभव हो जाता है। डिजिटल रिकॉर्ड की उपलब्धता होने के बावजूद, मूल भौतिक दस्तावेजों का अपना महत्व होता है, खासकर जब कानूनी चुनौतियों का सामना करना पड़ता है। ऐसे में, इन अभिलेखों का सुरक्षित रहना न केवल प्रशासन की जिम्मेदारी है, बल्कि यह क्षेत्र के लोगों के भविष्य की सुरक्षा के लिए भी अत्यंत आवश्यक है।

### कर्मचारियों की जान जोखिम में

जर्जर भवन का सीधा असर कार्यरत कर्मचारियों पर भी पड़ रहा है। लगातार गिरते मलबे और बारिश के पानी से भरे कमरे में काम करना उनकी जान को जोखिम में डाल रहा है। यह न केवल उनके स्वास्थ्य के लिए खतरा है, बल्कि उनके मनोबल को भी प्रभावित कर रहा है। ऐसे असुरक्षित माहौल में काम करने से भू-अभिलेख संबंधी कार्यों की गति और गुणवत्ता पर भी नकारात्मक प्रभाव पड़ रहा है। कर्मचारी खुद स्वीकार करते हैं कि वे हर पल एक डर के साये में काम कर रहे हैं, जिससे उनका ध्यान काम से हटकर अपनी सुरक्षा पर केंद्रित हो जाता है।

### आमजनता ने की मांग

स्थानीय निवासियों और विभिन्न सामाजिक संगठनों द्वारा माँग किया गया है कि जब तक नया और सुरक्षित भवन नहीं बन जाता, तब तक इन बहुमूल्य भू-अभिलेखों को किसी सुरक्षित स्थान पर स्थानांतरित किया जाए। जनता का कहना है कि यह केवल एक भवन की समस्या नहीं है, बल्कि यह लाखों लोगों के अधिकारों की सुरक्षा और प्रशासन की जिम्मेदारी का सवाल है।

तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, एग्जिमा, मुंह में छाला होना का इलाज
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज
पुरूष रोग - धातुस्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, खांसी, स्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दांतरोग का इलाज



चार धाम यात्रा
श्री केदार नाथ, श्री बद्रीनाथ, श्री गंगोत्री, श्री यमुनोत्री
श्री त्रियुगीनारायण-(भगवान शिव व माता पार्वती का विवाह स्थल)
श्री तुंगनाथ महादेव- (विश्व का सर्वोच्च शिव मंदिर-चंद्रशिला चोटी के पास)
6 सितंबर, 17 सितंबर, 24 सितंबर, 29 सितंबर, 5 अक्टूबर 2025, 4 मई 2026
अन्य दर्शन- काशीविश्वनाथ, पंच प्रयाग दर्शन, (विष्णुप्रयाग, नंदप्रयाग, कर्णप्रयाग, रुद्रप्रयाग, देवप्रयाग) माना गांव-भारत का अंतिम गांव, धारी देवी, चोपता
राशि:- स्टैंडर्ड पैकेज 14,500/- (+5%GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411